Chapter- 3

# दो वर्णों वाले शब्द

## STUDY NOTES

- हिन्दी वर्णमाला को दो भागों में बांटा गया है। एक स्वरवर्ण और दूसरा व्यंजन वर्ण।
- स्वर वर्णों की संख्या – १ ३ है और यह अ से अ: तक है।
- व्यंजन वर्णों की संख्या ३ ९ है।
- हिन्दी वर्णमाला को पूरी तरह से पढ़ने के बाद हम शब्द पढ़ेंगे।
- जब कई वर्ण मिलकर एक अर्थ प्रदान करता है तब हम उसे शब्द कहते हैं।

  जैसे – ज + ल = जल

  जल शब्द में दो वर्णों का योग है इसलिए इसे दो वर्णों वाले शब्द कहते हैं।
- हर किसी वर्ण को जोड़ने से शब्द नहीं बनता।

  जैसे – ल + क = लक

  यहाँ पर 'लक' को हम शब्द नहीं कहेंगे क्योंकि इसका (लक) कोई अर्थ नहीं है।
- **शब्द -** जब कोई वर्ण दूसरे वर्ण से मिलकर एक अर्थ प्रदान करता है, तब वह शब्द कहलाता है।

  जैसे कि -

  घ + र = घर

  न + ट = नट

  क + ल = कल

  आ + म = आम

**इन शब्दों को उच्चारण करते हुए पढ़ो।**

दो वर्णों के मेल से जो शब्द बनते हैं, हम उसे दो वर्णों वाले शब्द कहते हैं।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| कल | तब | मत | डर | दस |
| नल | अब | खत | पर | बस |


ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| फल | जब | धत | घर | रस |
| जल | कब | घट | भर | कस |
| हल | सब | नट | कर | नस |

**वाक्य** – जब हम कई शब्दों को एक साथ बोलते हैं और इससे एक अर्थ मिलता है तब वह वाक्य कहलाता है। जैसे – अमन घर चल।

यहाँ पर तीन अलग अलग शब्द हैं हम उसे एक साथ बोलने से एक अर्थ निकलता है। इसलिए हम उसे वाक्य कहते हैं।

- घर चल।
- नल पर घट रख।
- रथ पर चढ़।
- सच कह।



**विशेष बातें**

**समानलय वाले शब्द** –

जिन शब्दों के उच्चारण से एक जैसा स्वर सुनाई दे और इसका आखिरी वर्ण एक समान हो उसे हम समानलय वाले शब्द कहेंगे।

जैसे कि – जल – नल

नट – रट

पर – सर

**गद्यांश** –

गद्यांश का अर्थ है किसी गद्य रचना का कोई अंश। जिससे आपको पढ़कर उस गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर देने होंगे।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

## संदर्भ से - (Reference to context)

Reference to context का अर्थ है आप के पढ़े हुए पाठ से कुछ प्रश्न दिया जाएगा आपको उसका उत्तर उस पाठ के अंदर से देना होगा।

**अभ्यास कार्य**

१. **सजाकर लिखें।**

लक - कल

लन - नल

रघ - घर

२. **सही वर्ण लगाकर शब्द पूरा करें।**

र **थ**     न **ल**     घ **र**     ध **न**

३. **अपठित गद्यांश।**

घर चल। आम चख।

सर पर घट रख।

यह जग रख।

इन वाक्यों को पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर दें।

क) समान लय वाले शब्द लिखें।

घर - पर

रख - चख

ख) 'घ' वर्ण से सबंधित दो शब्द लिखें।

**घर, घट**

४. **'ख' वर्ण से दो शब्द लिखें।**

ख - **खत**, **खल**

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

५. **वाक्य पूरा करें।**

(पढ़, कह, भर, फल)

टब **भर** कर रख।

खत **पढ़** ।

**फल** चख।

सच **कह** ।

६. **वर्णों को जोड़कर शब्द बनाएँ।**

छ + त = छत

न + ट = **नट**

न + स = **नस**

७. **शब्दों को बिच्छेद करके लिखें।**

घट = घ + ट

कल = क + ल

दस = द + स

♦♦♦

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow